तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 5 सितंबर 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

14 जीपीडीपी का ग्राम स्तर पर वास्तविक क्रियान्वयन...




14 क्यूआर कोड से मनरेगा के कार्यों की मिलेगी ...



## आंदोलन : चार घंटे तक जाम में वाहनों की लगी लंबी कतार, यात्रियों का हुआ हाल-बेहाल

# आंदोलन के लिए रायपुर निकलीं मितानिनों को रोका तो एनएच 30 पर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर/ चारामा

छत्तीसगढ़ मितानिन संघ के आव्हान पर अपनी मांगों को लेकर रायपुर में एक

- भानुप्रतापपुर विधायक ने मितानिनों को दिया समर्थन, चार घंटे तक डटी रही
- यात्री पानी के लिए भी तरस गए और बच्चे सर्वाधिक पीड़ित हुए

दिवसीय प्रदेश आंदोलन में शामिल होने जा रही मितानिनों को राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मचांदुर नाका के पास पुलिस ने रोका, उसी समय विधायक सावित्री मंडावी पहुँच गई और उन्होने पुलिस के रोकने का विरोध करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बैठ गई, जिसके चलते 4 घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग जाम रहा।

कांकेर से रायपुर धरना देने जा रही मितानिनों को गुरुवार 4 सितंबर को पुलिस ने कई जगह चेकिंग लगाया था, परंतु इस कार्यवाही को देखते हुए मितानिन अन्य रास्तों के माध्यम से रायपुर जाने के लिए निकलने लगी, इसकी खबर मिलते ही पुलिस प्रशासन के एक दल ने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मचांदूर नाका के पास मितानिनों को सुबह साढ़े 9 बजे के आसपास रोक दिया। एक घंटे तक बातचीत होती रही, परंतु वाहन चेकिंग के नाम पर रोक दिया गया। इसकी खबर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी को मिली। विधायक अपने कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ता के साथ लगभग साढ़े 11 बजे पहुंची और पुलिस की कार्यशैली को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर विधायक महिलाओं के साथ बैठकर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 को जाम कर दिया। सरकार के खिलाफ महिलाएं नारेबाजी करते हुए नजर आई। मितानिनों की नाराजगी का प्रभाव यह पड़ा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर दोनो तरफ से लगभग 4 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। मितानिन संघ ने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 को ही धरनास्थल मानते हुए भाषणबाजी शुरू कर दिया और नारेबाजी करते हुए दो सूत्रीय माँगो को दोहराया। चार घंटे तक महिलाएं विधायक के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बैठी रही।





### चार घंटे बाद खत्म हुआ आंदोलन

प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद होकर प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर आंदोलन खत्म कराने की कोशिश करता रहा, लेकिन मितानिनों का कहना था कि जब तक सरकार लिखित आश्वासन नहीं देती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। चार घंटे की मान मनौव्वल के बाद मितानिन सड़क से हटी, तब लोगों ने राहत की सांस लिया।

### बसों में सवारी चार घंटे तक फंसे रहे

रायपुर से जगदलपुर और जगदलपुर से रायपुर जाने वाली सभी सवारी बसें सुबह साढ़े 11 बजे से 2 बजकर 30 मिनट तक जाम में फंसी रही। इस दौरान यात्रियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा। आंदोलन में जितनी मितानिन थी, उससे ज्यादा यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यात्री पानी के लिए भी तरस गए। यात्रियों का कहना था कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर आंदोलन को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। सरकार को चाहिए कि इस आंदोलन में शामिल सभी मितानिनों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाना चाहिए। इसके अलावा भारी वाहन ट्रकों की लंबी कतार लग गई थी।

### छोटे वाहनों का बदला गया रूट

चार पहिया छोटे वाहनों के रूट को बदलकर निकाला गया, परंतु रूट सकरा होने के कारण सवारी बसों को उस मार्ग से जाना संभव नहीं हो पाया। छोटे वाहनों के रूट को डायवर्ट कर दिए जाने से छोटे वाहन में सवार लोगों ने राहत की सांस लिया।

### मितानिनों की माँग जायज

आंदोलन को समर्थन देने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मचांदुर पहुँची भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने मितानिनों का साथ देते हुए पुलिस की कार्यवाही का विरोध किया और मीडिया से बात करते हुए कहा कि आंदोलन के लिए जाने वाले किसी भी संगठन को बलपूर्वक नहीं रोकना चाहिए। उन्होंने पुलिस कार्रवाई को गलत ठहराते हुए कहा कि मितानिनों को रायपुर जाने से रोकना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। सरकार को चाहिए कि इनके आंदोलन को कुचलने के बजाय मांगों को स्वीकार करे, इनकी दोनो माँगे जायज है। विधायक के साथ नरेन्द्र यादव पूर्व सदस्य गौ सेवा आयोग, हिरवेंद्र साहू, महेन्द्र नायक, केएल मरकाम, विनोद साहू, सुधांशु पाण्डे उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### प्राशा अरौद में विद्यार्थियों को टेबल-बेंच की मिली सुविधा

**चारामा।** चारामा के ग्राम अरौद छोटेपारा में शिक्षक एवं नवयुवक मंडल की पहल से शा प्राशा नवीन अरौद के अध्यन्नत बच्चों के बैठक व्यवस्था के लिए बच्चों के लिए पर्याप्त टेबल व बेंच प्रदाय किया गया, जिसमें नाव युवक मण्डल अध्यक्ष संतोष शोरी, उपाध्यक्ष प्रेम मण्डावी, सचिव यशंवत पटेल, सुभान यादव, देवनारायण पटेल, विकास मण्डावी, विश्वनाथ पोया, उत्तम मण्डावी, अनिल नाग, प्रीतम रामटेके, भुनेश्वर शोरी, कमल कोमरा, मनोहर नेताम, रवि मण्डावी, झनाराम नागे, सेवक मण्डावी, संजय रामटेके, रमेश निषाद एवं योमन कुमार जैन, एलआर जैन, लीलाराम जैन, शिक्षक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत सीएचसी भानुप्रतापपुर में इलाज के दौरान 29 वर्षीय संतोषी सेन का 3 सितंबर को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय द्वारा अस्पताली मेमो भानुप्रतापपुर थाना में पेश करने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## भाजपा बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को भी ऊंचे पदों की देती है जिम्मेदारी : विभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- कांकेर में आयोजित तीज मिलन समारोह में सम्मिलित हुई नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष

भाजपा कार्यलय कमल सदन में आयोजित तीज मिलन समारोह में नवनियुक्त महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी का भाजपा महिला मोर्चा ने स्वागत किया वहीं उन्होने महिला भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश में भाजपा ही ऐसा संगठन है, जो बूथ स्तर के कार्यकर्ता को ऊंचे पदों की जिम्मेदारी देता है।

कमल सदन में 4 सितंबर को आयोजित तीज मिलन समारोह में भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा एक ऐसा संगठन है, जो न केवल संगठन का कार्य करती है अपितु सरकार की योजनाओं को बूथ स्तर पर महिलाओं तक पहुंचाने का कार्य करती है। प्रदेश में आधी आबादी हमारी है और सरकार बनाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भाजपा हर त्योहार को संस्कृति, संस्कारो के साथ मनाती है। विधायक आशाराम नेताम ने महिला मोर्चा की बहनों को तीज के लिए बधाई दी साथ ही नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी को बधाई दी। उन्होंने तीज को पारिवारिक व सांस्कृतिक त्योहार बताते हुए कहा कि तीज माताओं बहनों का त्योहार है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा से महिलाओं का सम्मान किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि भाजपा के सबसे सशक्त मोर्चा महिला मोर्चा के इस तीज मिलन समारोह में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष की उपस्थिति में महिलाओं का सम्मान बढ़ा। छग हस्तशिल्प विकास बोर्ड अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि मेरे साथ महामंत्री के रूप में कार्य करने वाली विभा अवस्थी आज प्रदेशाध्यक्ष बनी है। भाजपा ऐसे ही कार्यकर्ताओं को प्रमुख पदों पर कार्य करने का ⏭ शेष पेज 12 पर


## रामलला दर्शन के लिए के 72 श्रद्धालु का दल रवाना



**कांकेर।** जिले के 72 दर्शनार्थियों एवं 02 अनुरक्षक सहित 74 यात्रियों को श्रीरामलला दर्शन (अयोध्या धाम) यात्रा योजना अंतर्गत आजीविका महाविद्यालय गोविंदपुर कांकेर से राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। सभी यात्री तीन सितम्बर को राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम दर्शन के लिए रवाना हुए। दर्शनार्थियों को कांकेर से रवाना करने के अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक एवं उपाध्यक्ष उत्तम यादव, जनपद ⏭ शेष पेज 12 पर

## डीजे डांस स्पर्धा में युवाओं ने बिखेरा जलवा, विजेताओं को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन श्रीश्री विघ्नहर्ता गणेशोत्सव समिति सांस्कृतिक भवन अलबेलापारा के द्वारा 3 सितंबर को किया गया था, जिसमें विजयी प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पार्षद उगेश्वरी उइके ने दीप प्रज्वलन किया गया। इसके बाद निर्णायक मंडल का परिचय कराया गया जिसमें नृत्य शिक्षक, सांस्कृतिक कार्यकर्ता और स्थानीय कला प्रेमियों को शामिल किया गया था। प्रतियोगिता की शुरुआत जैसे ही हुई, डीजे की धुनों पर युवा-युवतियों ने डांस प्रस्तुत किया। बॉलीवुड गानों से लेकर छत्तीसगढ़ी लोकधुनों तक पर जब प्रतिभागी थिरके तो दर्शकों की तालियों और सीटियों से पूरा हाल गूंज उठा। कुछ प्रतिभागियों ने ग्रुप डांस में तालमेल और ऊर्जा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया तो कुछ ने सोलो परफॉर्मेंस से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान माहौल इतना जोशीला था कि कई बार दर्शक भी तालियों और डांस के जरिए उत्साह बढ़ाते नजर आए। आयोजित डीजे डांस प्रतियोगिता में युवाओं ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह रंगारंग और उत्साहपूर्ण रहा। प्रतियोगिता में नगर एवं आसपास के गांवों से ⏭ शेष पेज 12 पर

## अवैध शराब विक्रेताओं पर पुलिस कार्रवाई, चार कोचियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



अवैध शराब बिक्री और नशीली पदार्थ का सेवन कर उत्पात करने वाले असामाजिक तत्वो पर निगरानी रखते हुए लगातार कार्यवाही पुलिस के द्वारा किया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर चार शराब कोचियों को दबोचने में पुलिस को सफलता मिली है। कांकेर पुलिस ने शराब कोचियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए चार कोचियो को पकड़ने में सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार कांवागांव निवासी 35 वर्षीय नोहर सिंह दुग्गा पिता मंगलुराम दुग्गा के कब्जे से 10 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 800 रूपएं, पुरियारा निवासी 31 वर्षीय अजित कुमार कुंजाम पिता चमरूराम कुंजाम के कब्जे से 12 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 960 रूपएं, ग्राम मालगांव कोसम पेड़ मेन रोड़ के पास से शराब बिक्री करने जा रहे आरोपी कोरर थानांतर्गत ग्राम मोदे निवासी 30 वर्षीय राजेन्द्र कुमार नेताम पिता नवल सिंह नेताम के कब्जे से कुल देशी प्लेन शराब 20 पौवा कीमत 1 हजार 600 रूपएं और आमाबेड़ा थानांतर्गत चंगारी निवासी 20 वर्षीय मंगलु कोमरा पिता सक्कु राम के कब्जे से कुल देशी प्लेन ⏭ शेष पेज 12 पर

## प्रेमिका की हत्या की, सीएएफ आरक्षक को दी गई आजीवन करावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

- गुमशुदगी रिपोर्ट की विवेचना पर काल डिटेल से आपराध का हुआ खुलासा

छग सशस्त्र बल 16 वीं बटालियन के जवान रामप्रकाश कुजूर ने भानुप्रतापपुर थानांतर्गत एक युवती से प्रेम करना बताते हुए अंबिकापुर ले गया और बाद में उसकी हत्या करके दफना दिया। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जवान को दबोचा और साक्ष्य एवं सबूत के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश भानुप्रतापपुर ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर थाना में 2019 में गुमशुदगी रिपोर्ट का मामला आया था। इस मामले की विवेचना करने के दौरान विवेचना अधिकारी ने कॉल डिटेल के आधारा पर 20 मई 2019 को 16 बटालियन, छग सशस्त्र बल के ई-कंपनी में पदस्थ आरक्षक संदेही रामप्रकाश कुजूर से किरंदुल में जाकर पूछताछ किया गया, किंतु सही जानकारी नहीं देने पर भानुप्रतापपुर थाना में लाकर पूछताछ किया गया, जिसने बताया कि गुम युवती के साथ प्रेम-प्रसंग होना और उसको अंबिकापुर में ठाकुरपुर में अपने दोस्त संजू तिर्की के घर में छोड़ना बताया, जिसके आधार पर गवाहों के समक्ष संदेही रामप्रकाश कुजूर के बताए बयान को दर्ज किया गया। आरोपी को अंबिकापुर ले जाया गया, वहां जाकर पुनः पूछताछ करने पर आरोपी रामप्रकाश कुजूर ने बताया कि 22 मई को युवती टोनाही नाला किनारे ले जाकर मारपीट कर उसके गले को घोट दिया तथा मृतिका को जान से मारने के बाद अपने मित्र संजू तिर्की को बताया, दोस्त के साथ मिलकर दफनाया। उसके द्वारा बताए गए स्थान पर संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में शव का उत्खनन करवाया गा और शव को बरामद किया गया। मृतिका के पिता द्वारा मृतिका के कपड़ों के आधार पर पहचान की गई और शव के पोस्टमार्टम ⏭ शेष पेज 12 पर



## धरनास्थल से रैली निकालकर सीएमएचओ कार्यालय का किया घेराव

# तीन को बर्खास्तगी की नोटिस पर एनएचएम कर्मचारी बिफरे एवं सौंपा सामूहिक इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- संघ ने कहा- आश्वासन नहीं लिखित आदेश चाहिए

एनएचएम के कर्मचारी 10 सूत्रीय माँग को लेकर 18 वें दिन धरना स्थल से रैली निकालते हुए सीएमएचओ कार्यालय का घेराव करते हुए नारेबाजी किया। हड़ताल के 17 वें दिन एनएचएम के जिला संघ के तीन पदाधिकारियों का 3 सितंबर को बर्खास्तगी आदेश विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जारी कर दिया, उससे बौखलाएं एनएचएम के कर्मचारियों ने 4 सितंबर को विरोध प्रदर्शन करते हुए सीएमएचओ डॉ. आरसी ठाकुर को सामूहिक इस्तीफा सौंपा है। एनएचएम संविदा स्वास्थ्य पदाधिकारियों को बर्खास्तगी की नोटिस दिए जाने के विरोध में 2 सितंबर को प्रांतीय टीम के द्वारा स्वास्थ्य भवन का घेराव किया गया और बर्खास्तगी की नोटिस की प्रति फाड़कर, जलाकर , नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद मिशन संचालक द्वारा बातचीत के लिए बुलाया गया, पर सिर्फ आश्वाशन दिया गया जिससे प्रतिनिधि मंडल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आश्वाशन नहीं आदेश चाहिए, हमारी मांगो पर जब तक लिखित आदेश नहीं मिलता, अनिश्चितकालीन हड़ताल आंदोलन जारी रहेगा। इसके उपरांत सीएमएचओ कांकेर ने 3 सितंबर को डाटा इंट्री आपरेटर दीपक कुमार वर्मा, चारामा के बीपीएम देव कुमार शास्वत और आरबीएसके एमओ डॉ. उपासना खरे को बर्खास्तगी का आदेश जारी कर दिया। इस आदेश के जारी होने के बाद जिले के एनएचएम संविदा कर्मचारी धरना स्थल पर 4 सितंबर को एकत्र हुए और रैली के शक्ल में धरनास्थल से सीएमएचओ कार्यालय पहुँचे और कार्यालय का घेराव करते हुए सीएमएचओ को सामूहिक इस्तीफा सौंपा। संघ ने कहा है कि आश्वासन नहीं लिखित आदेश चाहिए, हमको हमारा हक अधिकार चाहिए। अपनी ⏭ शेष पेज 12 पर






अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KANKER

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)

89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन 6 से

**चारामा।** भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वाधान में ग्राम करिहा शीतला रंगमंच चारामा में 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का जिला स्तरीय विशाल आयोजन धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष परमहंस योगी राज शक्तिपुत्र महाराज के मार्गदर्शन 6 सितंबर शनिवार सुबह 11:00 से 7 सितंबर रविवार सुबह 11:00 तक किया जाएगा एवं नशा मुक्ति जन जागरण सद्भावना रैली भी निकाली जाएगी।

### तरियापारा में लोककला मंच की शानदार प्रस्तुति



**नरहरपुर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसेवाडा में श्रीश्री गणेश समिति तारियापारा बादल में गणेशउत्सव के अवसर पर नवा किरण नाच पार्टी भंडारपुर डोंगरगढ़ का रंगारंग हंसी मजाक से भरपूर हास्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का लोगों ने भरपूर आनंद उठाया और उनके गीत संगीत हास्य प्रसंग का प्रशंसा करते हुए भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेन्द्र कुमार पटेल, जनपद सदस्य मोनिका नेताम, सरपंच शिमला मरकाम, उपसरपंच जानिक नेताम, ग्राम पटेल अर्जुन सिंह मरकाम, नंदू विश्वकर्मा, भूषण सेन, लालचंद पटेल, गोवर्धन साहू, अर्जुन पटेल, मुन्नालाल नेताम और समस्त तारिया पारा गणेश समिति का सहयोग रहा।

### अल्टरनेट फाइनेंस विषय पर कार्यशाला 9 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ में रेजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कांकेर द्वारा 09 सितम्बर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज, एनएसई सिडबी एवं इनवॉइस मार्ट के सहयोग से अल्टरनेट फाइनेंस विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन होटल आनंदम, सिटी सेंटर माल कांकेर में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। महाप्रबंधक टंकेश्वर देवांगन ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य एमएसएमई महिला उद्यमियों, महिला स्व-सहायता समूहों एवं पारंपरिक कारीगरों को ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के माध्यम से अपने उत्पादों की बाज़ार पहुँच बढ़ाने, विपणन सहायता प्राप्त करने, नेटवर्किंग के अवसर समझने, उत्पादों की दृश्यता में वृद्धि तथा लॉजिस्टिक्स समर्थन के बारे में जानकारी देना है।

### कृषि विकास अधिकारी मनोज कोरर भेजे गए

**पखांजुर।** विकासखंड कोयलीबेड़ा के कृषि विकास अधिकारी क्षेत्र पखांजूर मनोज सरकार के विरूद्ध शिकायत के संबंध में जांच प्रभावित न हो, इस संबंध में कार्यालयीन व्यवस्था के तहत विकासखंड कोरर भेजा गया। उप संचालक कृषि कांकेर द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर अनिमेश गावड़े कृषि विकास अधिकारी को क्षेत्र पखांजूर विकासखण्ड कोयलीबेड़ा में आगामी आदेश पर्यन्त तक अस्थाई रूप से कार्य करने का आदेश कृषि विभाग के संयुक्त संचालक द्वारा जारी किया गया है।

### जिला पंचायत में डीएमएफ की आज होगी बैठक

**कांकेर।** जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के शासी परिषद की बैठक 05 सितम्बर को दोपहर 01 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। उक्त बैठक में सम्मिलित होने के लिए सभी संबंधितों से आग्रह किया गया है।

### बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए घर जाकर की सफाई

**जगदलपुर।** हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित मांदर ग्राम पंचायत में जिला प्रशासन के प्रयासों को साथ देने के लिए एकल अभियान के कार्यकर्ताओं ने हाथ बढ़ाते हुए बाढ़ पीड़ितों की मदद की।

# प्राधनमंत्री आवास योजना को गति देने राऊरवाही में की गई आवास चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत राऊरवाही के ग्राम पंचायत भवन में आवास चौपाल लगाया गया। जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों के हितग्राहियों, जनपद सदस्यों तथा सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं जनपद स्तर के अधिकारियों द्वारा आवास चौपाल में उपस्थित होकर सभी अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों को समय-सीमा में पूर्ण कराये जाने आवश्यक कदम उठाये जा रहे है।

आवास चौपाल का उद्देश्य गुणवत्तायुक्त आवास निर्माण के लिए तकनीकी मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

## तकनीकी मार्गदर्शन का मिलेगा लाभ



### सब्सिडी की दी जानकारी

आवास चौपाल के मुख्य लाभ यह हैं कि इससे प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे कार्यक्रमों के हितग्राहियों को आवास निर्माण में तेजी लाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने, निर्माण सामग्री और सब्सिडी के बारे में जानकारी प्राप्त करने और व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान करने में मदद मिलती है। इसका लक्ष्य पात्र परिवारों को समय पर पक्का घर दिलाना और योजना के वास्तविक लाभ पहुंचाना है। आयोजित कार्यक्रम में सरपंच बलराम टेपरिया, उपसरपंच तीजन गावड़े, रोजगार सचिव भरत निषाद, सचिव चुनूलाल, वार्ड पंच, हितग्राही व ग्रामीण उपस्थित रहे।

सामाग्री आपूर्ति एवं अभिसरण के तहत मिलने वाले लाभों से अवगत कराया जा रहा है। हितग्राहियों को अपने निर्माणाधीन आवासों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना को गति देना, इस योजना का लक्ष्य सभी आवासहीन परिवारों और कच्चे और जीर्ण-शीर्ण घरों में रहने वाले परिवारों को बुनियादी सुविधाओं के साथ एक पक्का घर प्रदान करना है।

यह योजना ग्रामीण आवास की कमी को संबोधित करता है और भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में आवास की कमी को पूरा करता है और सभी के लिए आवास के मिशन में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

## मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# कृषि स्नातक अधिकारी संघ नौ सूत्रीय मांगों पर 8-9 को कालीपट्टी लगाकर करेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर अपनी नौ सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला दिया है। संघ के जिला अध्यक्ष गुमेश नाग ने जानकारी देते हुए बताया की संघ के प्रांतीय बैठक में सभी जिला एंव प्रांतीय पदाधिकारियों एंव सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से नौ सूत्रीय लंबित मांगो की पूर्ति के लिए चरणबद्ध सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।



संघ के द्वारा जारी ज्ञापन के अनुसार 8 और 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे एवं 15 सितंबर को जिले के समस्त विकासखंड एंव जिला स्तर पर तहदीलदार, एसडीएम एवं कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एंव कृषि मंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा जाएगा एंव उक्त तिथि में बिना संसाधन भत्ता के उक्त तिथि से ऑनलाइन कार्य नही किया जाएगा। 23 सितंबर को एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे एंव रैली निकाल कर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कृषि विभाग में संचालित विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल कटाई, प्रधानमंत्री सॉइल हेल्थ कार्ड योजना, धान खरीदी सत्यापन, धान खरीदी ट्रस्टेड पर्सन, बायोमेट्रिक फिंगर एंव गिरदावरी कार्य समेत खेती किसानी से सम्बंधित ऑनलाइन कार्य प्रभावित होगा। 9 सूत्रीय लंबित मांगो में वेतनमान संशोधन 43 सौ ग्रेड पे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एंव कृषि विकास अधिकारी के कार्य क्षेत्र का पुननिर्धारण, मासिक स्थाई भत्ता में वृद्धि कर रुपए पच्चीस सौ करने, विभागीय कार्य सम्पादन के लिए मोबाईल इंटरनेट, लैपटॉप, स्टेशनरी इत्यादि के लिए संसाधन भत्ता, विभगीय अमले की कमी के कारण अतिरिक्त प्रभार दिए जाने की स्थिति में सम्मानजनक अतिरिक्त क्षेत्रीय भत्ता, मध्यप्रदेश शासन की तर्ज पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पदनाम को कृषि विस्तार अधिकारी करने के लिए, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एंव कृषि विकास अधिकारियों की डयूटी, गैर विभगीय कार्यो, फसल गिरदावरी, डिजिटल क्रॉप सर्वे, सड़को को मवेशी मुक्त करने गठित दल, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत नोडल अधिकारी, धान उपार्जन केंद्र प्रभारी, अधिकारी, ट्रस्टेड पर्सन नोडल अधिकारी, धान खरीदी, नाका जांच प्रभारी, निगरानी समिति, नियद नेल्लानार, परीक्षा केंद्रों में पर्यवेक्षक ऑब्जर्वर कार्य, बस्तर पंडुम, आंगनबाड़ी निरीक्षण, पीएम आवास सर्वे एंव नोडल अधिकारी डियूटी किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आयुष्मान कार्ड वंदन इत्यादि, कृषि आदान सामग्री लैम्पसों में भंडारण करने एंव डीबीटी प्रणाली लागू करने, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से कृषि विकास अधिकारी के पद में विगत कई वर्षों से लंबित पदोन्नति शामिल है।

## भंनसुली की छात्राओं को विधायक ने वितरित की सरस्वती सायकिल



विधायक और जनप्रतिनिधियों का ग्रामीणों ने किया मादरी नृत्य से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंनसुली में गुरुवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक आशाराम नेताम के आगमन पर पूरे गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने पारंपरिक मादरी नृत्य प्रस्तुत कर जनप्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा नवमी के छात्र-छात्राओं को शासन की ओर से साइकिल वितरित की गई। साइकिल मिलने पर बच्चों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने कहा कि अब विद्यालय आना-जाना और आसान हो जाएगा तथा पढ़ाई में भी और अधिक सुविधा होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सकारात्मक कदम उठा रही है। ग्रामीण अंचलों में शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए साइकिल जैसी योजनाएं छात्र-छात्राओं के लिए वरदान साबित हो रही है, जिससे शिक्षा के प्रति बच्चों की रुचि और अधिक बढ़ेगी तथा वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होंगे। मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा ही विकास की असली कुंजी है। छात्रों को चाहिए कि वे लगन और मेहनत से पढ़ाई कर अपने गांव, जिला और प्रदेश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर जनपद सदस्य मोनिका नेताम, ग्राम पंचायत भंनसुली की सरपंच मिना कुंजाम, पूर्व सरपंच अजीत कुमार नेताम, भाजपा नेता जीवन नेताम, हेमंत साहू, देवनाथ कुंजाम, पंचायत सचिव बालाराम यादव सहित ग्रामीणजन, शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

## मिलादुन्नवी पर मस्जिद और गेट की सजावट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जश्ने ईद मिलादुन्नवी के मुबारक मौके पर शहर के जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों को रंगीन झालरों के लाईट से सजाया गया है। वहीं कल शुक्रवार को निकलने वाली रैली के मुख्य मार्ग को आर्कषक गेट से मुस्लिम समाज के युवाओं ने सजावट की है। जामा मस्जिद से लेकर पूरे मेन रोड और आगे शहीद पार्क तक झंडे और रंगीन बल्ब के झालरों से सजाया गया है। पर्व को लेकर काफी उत्साह है। बताया गया कि कल विशेष नमाज के बाद जुलूस निकाली जाएगी।

## आज वर्क में कम्प्लीटनेस की कमी है : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में जियोफिजिक्स एंड पेट्रोफिजिक्स इन मिनरल इक्सपोलरेशन विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। भौतिकी अध्ययनशाला के इस कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता रिटायर्ड चीफ जियोफिजिस्ट अशोक सिंह ने कहा कि विद्यार्थी एक विद्यार्थी नहीं होता बल्कि वे भविष्य होते हैं। आप सभी विभिन्न भाषा को सीखें। ह्यूमन हिस्ट्री के लिटलेचर विभिन्न भाषाओं में हैं। उन्हें जानने समझने के लिए आपको बहुभाषी होना जरूरी है। सिंह ने कहा कि आज कम्प्लीटनेस की कमी है। किसी वर्क को कम्प्लीटनेस से करना जरूरी है। ये कम्प्लीटनेस आपको मल्टीडिसिप्लीनरी ज्ञान से आएगी। सिंह ने मैथेमेटिका ऑप्टिमाईजेशन के साथ धरती के नीचे के हिडन मिनरल क्षेत्र को पहचाने संबंधी कई जानकारी दी। समस्या और समाधान खोजने से ज्यादा संभावना क्या है को ढूंढना महत्वपूर्ण है।

कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मल्टीडिसिप्लीनरी में टीचिंग और रिसर्च इंटेशन दोनों शामिल हैं। प्रो. श्रीवास्तव ने साइलोस का मायने समझाते हुए कहा कि केवल एक ही मानसिक दायरे में रहना ठीक नहीं है। हमारे देश में मल्टीडिप्लीनरी को भुला दिया गया था। दुर्ग विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो एनपी दीक्षित ने कहा कि प्रकृति में अभी भी कई चीजें हैं जिस पर रिपोर्ट नहीं बनी है।

## सेवानिवृत सीएएफ कमांडेंट ठाकुर का बैडमिंटन क्लब ने किया सम्मान

**भानुप्रतापपुर।** बैडमिंटन क्लब भानुप्रतापपुर के द्वारा सेवानिवृत सीएएफ के कमांडेंट जेआर ठाकुर को विदाई दी गई। उन्हें भगवान गणेश की लकड़ी की प्रतिमा स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ आर्म फोर्स 22 वीं बटालियन भीरागांव के कमांडेंट जेआर ठाकुर 31 अगस्त को सेवानिवृत हो गए। जेआर ठाकुर बैडमिंटन के बेस्ट प्लेयर थे और भानूप्रतापपुर बैडमिंटन क्लब के सदस्य थे जो लगातार इस क्लब में बने रहे और अपना खेल का प्रदर्शन किया एवं क्लब की ओर से सेवानिवृत्त पर सम्मान विदाई दी गई।

सेवानिवृत सीएएफ के कमांडेंट जेआर ठाकुर ने कहा कि अपने डयूटी के साथ जीवन में खेल का बड़ा महत्व है। मैं सेवानिवृत हो गया पर यह खेल मेरा जारी रहेगा यह स्वास्थ्य के लिए बेहतर है मैं आज तक बीमार नहीं पड़ा और लोगों से भी कहा कि अपने जीवन में बैडमिंटन ही नहीं कोई भी खेल अपने शरीर के लिए 1 घंटे जरूर दें, जिससे निरोगी रहेंगे। कार्यक्रम में डीएफओ डीपी साहू ने कहा कि जेआर ठाकुर से हमने बहुत कुछ सीखा है और उनके जानकारी से बैडमिंटन में बहुत कुछ सीखा है। खेल से जिससे बीमारी भी दूर हुई है। कोच अविनाश श्रीवास्तव ने नियमित बैडमिंटन खेल को लेकर तारीफ करते हुए कहा कि अपने जीवन में खेल बहुत जरूरी है। भीखम आरदे, अविनाश सरकार, रिक्की तिवारी, पंकज पटेल ने भी विचार व्यक्त किया। इस मौके पर सुमंत सिन्हा, मनीष गौतम, राकेश दर्रो, पीतांबर राना, ए तिग्गा, लालसाय पोटाई, शैलेंद्र कोर्राम, पिंटर यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## मांदर में बाढ़ पीड़ितों के लिए सरकार की संवेदनशील पहल

# दी जा रही है मदद और मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में पिछले सप्ताह हुई अतिवृष्टि ने जहां एक ओर जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया, वहीं बाढ़ के कारण लोहंडीगुड़ा तहसील के मांदर में लोगों ने भीषण आपदा का सामना किया है। इस स्थिति में छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नेतृत्व में एक संवेदनशील पहल कर त्वरित राहत कार्य की मिसाल पेश की है। बाढ़ के कारण हुए नुकसान से जूझ रहे लोगों के लिए जिला प्रशासन द्वारा तत्काल सहायता और मुआवजे की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे पीड़ति परिवारों को एक बड़ी राहत मिली है।




बाढ़ से प्रभावित गांवों में राहत दल तेजी से काम कर रहे हैं। इसके साथ ही प्रभावित गांवों में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रभावित किसानों को किसान किताब वितरित की जा रही है, जो बाढ़ के कारण बह गई थी। किसान किताब के मिलने से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और भविष्य में किसी भी सहायता के लिए पात्र बनने में मदद करेगी। वहीं प्रभावितों को नवीन राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड एवं बैंक पासबुक तैयार कर प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला प्रशासन की टीमें नुकसान का आकलन करने के लिए घर-घर सर्वे कर रही हैं और पात्रता के अनुसार तत्काल राहत राशि सीधे उनके खातों में ट्रांसफर कर भुगतान कर रही हैं। सरकार का ध्यान इस बात पर है कि किसी भी पीड़ति परिवार को उनकी जरूरत के समय अकेला न छोड़ा जाए। इसके लिए, मकान क्षति सहित पशु, फसल और घरेलू सामग्री की क्षति का विस्तृत ब्यौरा तैयार कर, हर एक प्रकरण पर गंभीरता से काम किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है, ताकि जरूरतमंद प्रभावितों तक मुआवजा राशि सीधे और समय पर पहुंच सके। स्थानीय प्रभावित परिवारों ने सरकार की इस पहल की सराहना की है। एक प्रभावित ग्रामीण मुरहा पटेल ने कहा, हमने सोचा था कि बाढ़ के बाद सब कुछ खत्म हो गया, लेकिन सरकार की इस त्वरित मदद ने हमें फिर से जीवन को नये सिरे से शुरू करने की उम्मीद दी है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में किए जा रहे इस पहल को प्रशासन की ओर से एक मजबूत और मानवीय दृष्टिकोण के रूप में देखा जा रहा है। जो यह दर्शाता है कि आपदा की घड़ी में सरकार न सिर्फ राहत कार्य बल्कि पुनर्वास और भविष्य की सुरक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस तरह के प्रयास बाढ़ पीड़ितों को आर्थिक और मानसिक दोनों तरह से सहारा देते हैं।

पेज 11 के शेष...

### भाजपा बूथ स्तर...

मौका दे रही है। जिलाध्यक्ष उमा शर्मा ने कहा कि जिले के तीन जनपदों में भाजपा पार्टी से जुड़ी महिलाए अध्यक्ष है। मंच संचालन महिला मोर्चा जिला महामंत्री मीरा सलाम व आभार प्रदर्शन राजिंदर रंधावा ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा समारोह में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, संगीता शर्मा, तारा ठाकुर, राजा देवनानी, उगेश्वरी उइके, जैना तारम, मनोरमा मंडावी, रामबाई गोटा, विजय लक्ष्मी कौशिक, कृष्णा देवी सिन्हा, सरिता जोशी, मिथलेश शोरी, शकुंतला नरेटी, शकुंतला जैन, मंजू सारथी, मोनिका साहा, सिरो कैमरों, निधि संचेती, गिरिजा जैन, रमशीला साहू, स्मृति कौशिक, सहित महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रही।

### रामलला दर्शन...

पंचायत कांकेर के उपाध्यक्ष तारिणी ठाकुर सहित जनपद पंचायत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डीजे डांस स्पर्धा...

दर्जनों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन लय, ताल, ऊर्जा, रचनात्मकता और मंच प्रदर्शन के आधार पर किया। आयोजित प्रतियोगिता में एकल नृत्य में प्रथम स्थान छाया विश्वकर्मा, द्वितिय कविता और तृतिय स्थान नम्रता गोटी ने प्राप्त किया। युगल नृत्य मे भवानी व चांदनी प्रथम, वंश व निहारिका द्वितिय और तृत्य स्थान नविता पटेल ने प्राप्त किया। सामूहिक नृत्य में जय बालाजी प्रथम, रेड क्वीन द्वितिय और जय बूढ़ा देव ग्रुप ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### अवैध शराब विक्रेताओं...

शराब 11 पौवा कीमत 880 रूपएं को जप्त किया गया। यह चारों आरोपी सरकारी शराब दुकान से शराब लेकर गाँव बेचने के लिए ले जा रहे थे। शराब दुकान से शराब लेकर अपने गांव जाने के पहुंचने के पहले कांकेर पुलिस ने कांकेर थानांतर्गत चारों कोचियों को दबोचा। इन सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर, उनि मनोरथ जोशी, सउनि भुनेश्वरी भगत, प्रआर फलेश्वर कुदराम ओम प्रकाश कृषान, सत्य प्रकाश सिंह, आर सक्ती सिंह, रामरतन निषाद, विनोद साहू एवं थाना कांकेर पेट्रोलिंग टीम आरक्षक देवेन्द्र मंडावी, लक्ष्मीनारायण शोरी की भूमिका रही।

### प्रेमिका की हत्या...

करवाया गया। अपर लोक अभियोजक सीमा तिवारी ने बताया कि इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश भानुप्रतापपुर दीपक के. गुप्ता ने सबूत एवं साक्ष्य के आधार पर धारा 364 आईपीसी के तहत 7 वर्ष का कारावास एवं 500 रूपएं का अर्थदंड, धारा 302 आईपीसी में आजीवन कारावास एवं 1000 रूपएं का अर्थदंड, धारा 120 बी आईपीसी के तहत आजीवन कारावास एवं 1000 रूपएं का अर्थदंड एवं धारा 201 आईपीसी के तहत 7 वर्ष की सजा एवं 500 रूपएं का अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड नहीं पटाने पर क्रमशः एक माह, दो माह, दो माह और एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

### तीन को बर्खास्तगी...

मांगों को लेकर विगत 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के संविदा कर्मियों ने अब आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। लंबे समय से जारी आंदोलन और सरकार की चुप्पी से नाराज कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि उनकी 10 सूत्रीय मांगों पर सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया गया इसी वजह से जिले में कार्यरत सभी 655 अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होकर सामूहिक इस्तीफा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा गया।

## जगह-जगह विराजे गणपति...


जगदलपुर। बालाजी वार्ड में विराजित गणेश की प्रतिमा।


जगदलपुर। विजय वार्ड में स्थापित गणेश की प्रतिमा।


जगदलपुर। संतोषी वार्ड में स्थापित गणेश की प्रतिमा।


जगदलपुर। प्रतापगंज पारा में स्थापित गणेश की प्रतिमा।


तोकापाल। सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति ग्राम पंचायत पाराकोट।

### ग्रामीणों ने नुवाखाई जुहार भेंट कर मनाया त्यौहार

# पर्व एकता, भाईचारा और परंपराओं को संजोने का संदेश देता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने अपने गृह ग्राम गिरोला बाड़ा में बस्तर ट्रायल ऑपरेटिव सोसायटी मर्या द्वारा संचालित मुरमुरा लाई यूनिट का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी, सोसायटी के पदाधिकारी एवं महिलाएं उपस्थित रही। विधायक ने कहा कि इस प्रकार की ग्रामीण इकाइयों से स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त कदम साबित होंगे। उन्होंने बताया कि मुरमुरा लाई यूनिट से न केवल ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध होगा बल्कि कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन भी संभव होगा।

■ विधायक ने किया मुरमुरा लाई यूनिट का शुभारंभ



विधायक ने सोसायटी के इस पहल की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में इस यूनिट से बड़ी संख्या में महिला स्व-सहायता समूहों एवं बेरोजगार युवाओं को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए छोटे-छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने की अपील भी की। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया और उन्हें विश्वास दिलाया कि यूनिट को सफलतापूर्वक संचालित कर बस्तर की पहचान को और मजबूती देंगे। आज बस्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गिरोला में पाहुरबेल एवं बदलावंड के ग्राम प्रमुख, सामाजिक सदस्य एवं क्षेत्र की माताएं-बहनें एकत्रित होकर पारंपरिक ढंग से बस्तर विधायक को नुवाखाई जुहार भेंट कर शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर ग्रामीणों ने चिवड़ा, गुड़ एवं अन्य परंपरागत सामग्री भेंट स्वरूप देकर विधायक का अभिनंदन किया। नुवाखाई पर्व बस्तर अंचल की लोक आस्था एवं कृषि परंपरा से जुड़ा हुआ है। इस पर्व के माध्यम से किसान नए अन्न का स्वाद चखते हुए प्रकृति एवं देवताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

ग्रामीणों ने विधायक को त्यौहार की बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति से इस पर्व की गरिमा और भी बढ़ गई है। विधायक ने ग्रामवासियों द्वारा दिए गए स्नेह और सम्मान के लिए आभार जताते हुए सभी को नुवाखाई पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें एकता, भाईचारा और परंपराओं को संजोने का संदेश देता है।

## यात्री बसों की हुई जांच 12 हजार का जुर्माना

**सुकमा।** यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने बस संचालकों पर सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी एसबी रावटे के नेतृत्व में बुधवार को जिला मुख्यालय सुकमा में यात्री बसों की व्यापक जाँच की गई। जांच के दौरान बसों के फिटनेस, रेट लिस्ट, परमिट, फर्स्ट एड किट और बीमा संबंधी दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की गई। इस दौरान एक यात्री बस में अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर नियमानुसार जुर्माना लगाकर सुधार के निर्देश दिए गए। सभी प्रकरणों को मिलाकर कुल 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। जिला परिवहन अधिकारी रावटे ने बताया कि प्रशासन की यह मुहिम निरंतर जारी रहेगी। यदि यात्रियों द्वारा किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है, तो तत्काल जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि जिला प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। लापरवाह बस संचालकों के खिलाफ लगातार सख्ती बरती जाएगी ताकि आमजन को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध हो सके।




## 195 बटालियन ने मनाया स्थापना दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल भारत के सबसे बड़े अर्धसैनिक बलों में से एक है। 3 सितम्बर को सीआरपीएफ 195 बटालियन ने बारसूर में 19 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। अनिल कुमार सिंह कमाण्डेन्ट ने सभी जवानों, अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों को स्थापना दिवस की शुभकामनायें दी। बटालियन की स्थापना 3 सितम्बर 2007 को भोपाल में हुई थी। 195 बटालियन छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा तथा बीजापुर जिले में अति नक्सल ग्रस्त इलाके में तैनात है। बटालियन नें लगातार नक्सल विरोधी अभियान एवं सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से जनता में शांति स्थापित किया है एवं आम जनता में सुरक्षा भावना पैदा की है। सरकार की नीतियों को लागू कराने एवं जनता तक पहुंचाने में अहम योगदान दे रही है। कमाण्डेन्ट ने वाहिनी के जवानों को जनता को हर सम्भव सहयोग करने हेतु तत्पर रहने की अपील की। इस अवसर पर बटालियन मुख्यालय में शहीदों को श्रद्धांजलि दी एवं विशेष सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बटालियन के बहादुर जवानों को जिन्हे राष्ट्रपति द्वारा वीरता के लिए पुलिस पदक से नवाजा गया है। उनमें सहायक उप निरीक्षक जीडी संजय कुमार तथा सिपाही जीडी कुलदीप सिंह को शॉल देकर सम्मानित किया गया। जवानों के मध्य खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं मिष्ठान वितरण तथा अन्य कार्यक्रम किये गए।

## प्राचार्य व विद्यालय स्टाफ ने राहत सामग्री का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहण्डीगुड़ा

लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के चित्रकोट एवं मांदर क्षेत्र में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद हेतु पीएम सेजेस लोहण्डीगुड़ा के प्राचार्य अशोक खपर्डे एवं विद्यालय स्टाफ ने मानवीय पहल करते हुए राहत सामग्री का वितरण किया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक घरेलू सामग्री जैसे बाल्टी एवं मग वितरित किए गए। इन वस्तुओं की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रशासन ने राहत कार्य को अंजाम दिया, जिससे प्रभावित परिवारों को दैनिक जीवन में सहूलियत मिल सके। प्राचार्य अशोक खपर्डे ने कहा कि कठिन समय में जरूरतमंदों की सहायता करना हम सबकी जिम्मेदारी है। विद्यालय परिवार सदैव समाज सेवा के कार्यों में आगे रहेगा। विद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ ने भी इस वितरण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## शिक्षा के विभिन्न मुद्दों को लेकर बीईओ को सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



ब्लॉक मुख्यालय बस्तर में गुरुवार को आदिवासी युवा छात्र संगठन शिक्षा के विभिन्न मुद्दो एवं छात्रों की समस्याओं को लेकर बीईओ भारती देवांगन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें आदिवासी युवा छात्र संगठन के द्वारा बस्तर ब्लॉक के प्रत्येक स्कूल में स्कूल विजिट के संबंध में, प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 9 से 12 वी तक हर साल कम से कम एक केरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम हो।

■ कक्षा 9 से 12 वीं तक हर साल एक केरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम हो

ब्लॉक के प्रत्येक विद्यालय में प्रयोग शाला की स्थापना एवं प्रयोग शाला के सामान उपलब्ध हो,ब्लॉक के प्रत्येक क्षतिग्रस्त विद्यालयों की मरम्मत हो। प्रत्येक विद्यालय की पिछले 2 साल के शाला त्यागी छात्र छात्राओं की डाटा उपलब्ध कराने के संबंध मे। ब्लॉक के प्रत्येक प्रथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला जहां बांउड्री वाल नहीं है, सुरक्षा के दृष्टि से निर्मित हो।

ब्लॉक के प्रत्येक विद्यालय में खेल सामान उपलब्ध हों। ब्लॉक के प्रत्येक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुस्तकालय की सुविधा हो। बस्तर ब्लॉक पदाधिकारी ओमेश्वर कश्यप, कामेश्वर बघेल, मोनू बघेल उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक बाफना को मातृ शोक



**जगदलपुर।** पूर्व विधायक संतोष बाफना की माता सोनीबाई बाफना 85 वर्ष पत्नी स्व. प्रेमराज बाफना का बीती रात स्वर्गवास हो गया। कुछ दिनों से उनका ईलाज चल रहा था। गुरूवार को दोपहर बाद वृंदावन कॉलोनी स्थित निवास से अंतिम यात्रा मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें परिजन, समाज के लोग, व्यापारीगण, राजनीतिज्ञ, अधिकारी और ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मुक्तिधाम में शोक सभा में सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति और परिजनों को संबल देने की कामना की। परिवार में पुत्र संतोष, सुरेश, सुनील एवं शैलेन्द्र बाफना समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

## निधन

### सुधीर गुरुवारा



**जगदलपुर।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी 78 वर्षीय सुधीर गुरुवारा का आकस्मिक निधन गुरुवार 4 सितंबर को हो गया है। वे सतपाल गुरुवारा संचालक पूनम होटल के अनुज एवं सुशील गुरुवारा के पिता थे। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान वृंदावन कॉलोनी, अय्यप्पा मंदिर के समीप से मुक्तिधाम के लिए शुक्रवार 5 सितंबर को दोपहर 12 बजे निकलेगी।

## एक लाख के ईनामी एलओएस मेंबर समेत पांच नक्सली विस्फोटक के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र स्थित रवागुड़ा के जंगल से सयुंक्त सुरक्षाबलों ने एक ईनामी व एक महिला समेत पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने आईईडी प्लांट करने के फिराक में एकत्रित हुए थे। गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से विस्फोटक भी बरामद किया गया है।

सुकमा जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर चिंतलनार थाना प्रभारी विमल वट्टी व सीआरपीएफ 74 बटालियन के टूआईसी निशांत वैष्णव, सहायक कमाण्डेंट सुमन सौरभ के नेतृत्व में तथा कैम्प पुलमपाड़ से 223 बटालियन के अमन अभिषेक कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम रावगुड़ा, किस्टावरम व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान रवागुड़ा के जंगल झाड़ी व नाला के पास से 1 महिला सहित 5 नक्सलियों को विस्फोटक पदार्थ के साथ घेराबंदी कर पकड़ा गया, जो फोर्स को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी लगाने की फिराक में थे। गिरफ्तार नक्सलियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

## शहर में गणेशोत्सव की धूम


जगदलपुर। मंत्री संघ में स्थापित गणेश की प्रतिमा।


जगदलपुर। वृंदावान कालोनी में स्थापित गणेश की प्रतिमा।


जगदलपुर। बैकुंठधाम आजाद चौक में विराजित गणेश की प्रतिमा।


तोकापाल। बतासीपारा मेटावड़ा कालेज रोड में स्थापित गणेश की प्रतिमा।


तोकापाल। ग्राम पंचायत बेडागुड़ा (मांझी पारा) में स्थापित गणेश की प्रतिमा।

# ग्रामीण अंचलो में भी विभिन्न स्वरूपों में विराजे गणपति


रामायण मंडली चौक शांति नगर कांकेर


श्री नव युवक गणेशोत्सव समिति माँ भवानी चौक भण्डारीपारा कांकेर



श्री श्री ओम गणेशोत्सव समिति शिवनगर


श्री श्री नव युवक गणेशोत्सव समिति एमजी वार्ड कांकेर


श्री श्री नवयुवक गणेश उत्सव समिति आमापारा कांकेर


श्री श्री बाल गणेशोत्सव समिति कचहरी चौक मांझापारा कांकेर


श्री श्री मांझापारा गणेशोत्सव समिति सिधी धर्मशला कांकेर


श्री श्री शिव शक्ति गणेशोत्सव समिति शिवनगर कांकेर


श्री श्री सिद्धी विनायक गणेशोत्सव समिति राईसमिलपारा सिंगारभाट


श्री श्री गणेश समिति आदर्श चौक किशनपुरी

## खबर संक्षेप



### सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा व लक्ष्य निर्धारण पर हुआ व्याख्यान

**कोरर।** शिक्षा की गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के दृष्टिकोण से शासकीय हाईस्कूल कोकानपुर में प्राचार्य शकुंतला ठाकुर के मार्गदर्शन में शिक्षा एवं लक्ष्य निर्धारण विषय पर व्याख्यान विषय विशेषज्ञ राजेंद्र नेताम एवं अनुपम जोफर व्याख्याता कोरर के आतिथ्य में आयोजन किया गया। व्याख्यान विषय विशेषज्ञ ने शिक्षा जीवन में क्यों आवश्यक है पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा आज बहुआयामी हो गई है। शिक्षा के प्राचीन परिभाषाओं के संदर्भ आज बदल गए है। शिक्षा आज कौशल उन्मुखी एवं जानकारी उन्मुखी हो गई है। फलस्वरूप संस्कार एवं संस्कृति प्रभावित हो रही है अतः आज शिक्षा को समाज एवं राष्ट्र की दृष्टिकोण से परिवर्तित करने की जरूरत है। अनुपम जोफर ने इस अवसर पर लक्ष्य आधारित शिक्षा पर बात रखते हुए कहा कि आज छात्र छात्राओं को अपना जीवन लक्ष्य आधारित शिक्षा पर केंद्रित करना चाहिए तभी जीवन में सफलता प्राप्त हो सकती है।

### जीपीडीपी पर केन्द्रित कार्यशाला में टुगेदर टुवड्र्स ट्रांसफॉर्मेशन विषय पर परिचर्चा

# जीपीडीपी का ग्राम स्तर पर वास्तविक क्रियान्वयन बहुत जरूरी है : निहारिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर


ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम के तहत निचले स्तर पर इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन अंतर्गत जिला प्रशासन एवं गैर शासकीय संगठन के संयुक्त के तत्वावधान में 4 सितंबर को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न प्रकार के बिंदुओं का समावेश कर स्वसहायता समूहों को अधिक सशक्त बनाने और योजनाओं के क्रियान्वयन में ग्राम पंचायतों की सक्रिय सहभागिता व समन्वय पर आधारित विस्तृत परिचर्चा हुई, जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव निहारिका बारिक सिंह, आयुक्त मनरेगा तारण प्रकाश सिन्हा और संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रियंका महोबिया ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया। शहर के एक निजी होटल में जिला प्रशासन और प्रदान संस्था के




तत्वावधान में टुगेदर टुवड्र्स ट्रांसफॉर्मेशन विषय पर आयोजित कार्यशाला में डिस्कस पैनल के अंतर्गत परिचर्चा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव ने अपने कहा कि जीपीडीपी का ग्राम स्तर पर वास्तविक क्रियान्वयन बहुत जरूरी है, जब तक ग्रामों में इसकी पहुंच सुनिश्चित नहीं होती, तब तक सही मायने में यह अधूरा है। जिले के नरहरपुर ब्लॉक में स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार की गई मैपिंग की प्रशंसा किया। इसी तरह मनरेगा आयुक्त ने जिले में जीपीडीपी के उल्लेखनीय क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि प्राचीनकाल से ही बस्तर लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का केंद्र रहा है। परिचर्चा में उपस्थित कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्रश्नोत्तरी सत्र के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि ग्राम पंचायतों की भूमिका सिर्फ निर्माण कार्यों पर केन्द्रित नहीं होनी चाहिए, अपितु समस्याओं एवं मांगों का स्थानीय स्तर पर निराकरण किया जाना भी जरूरी है। पंचायत प्रतिनिधियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका जैसे मूलभूत कार्यों में सृजनात्मक एवं सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। कार्यशाला में कलेक्टर ने कहा कि जीपीडीपी का वास्तविक क्रियान्वयन तभी संभव है, जब पंचायत निकायों और विभागीय अधिकारियों को परस्पर समन्वय के साथ शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को निचले स्तर पर ईमानदारी पूर्वक लागू करना होगा।

कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों के विकास के लिए सोशल कैपिटल की अवधारणा को लागू करने पर जोर दिया। इस अवसर पर डीएफओ भानुप्रतापपुर हेमचंद पहारे और जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने भी ग्रामीण विकास एवं महिला सशक्तिकरण एवं सहभागिता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दिया।


यदु चौक तालाकुर्री


श्री श्री बाल गणेश उत्सव समिति केवटीनटोला


श्री श्री मनकामेस्वर परिवार नाकापरा कोरर

## जनसरोकार अभियान में सहयोग का सिलसिला जारी

**दुर्गुकोंदल।** तहसील क्षेत्र के ग्राम हाहालद्दी में संचालित गोयल ग्रुप की लौह अयस्क खदान प्रबन्धन द्वारा भानुप्रतापपुर एवं दुर्गुकोंदल क्षेत्र में जनसरोकार का अभियान चलाया जा रहा है। बीते तीन दिनों से गोयल ग्रुप का माइंस प्रबन्धन खेल, शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में अपना सहयोग दे रहा है।

चाहे खेलकूद के लिए कबड्डी खिलाड़ियों के लिए मेट हो, बच्चों के कक्षा में शिक्षा ग्रहण करने के लिए बैठने की बेंच हो या फिर आयुर्वेदिक चिकित्सा के लिए हर्बल गार्डन बनाने के लिए बड़े गमले और थ्री सीटर बेंच हो। गोयल ग्रुप लगातार सभी जगहों पर अपनी सकारात्मक



सोंच का प्रकाश बिखेर रहा है। गोयल ग्रुप द्वारा कोदापाखा आयुर्वेदिक चिकित्सालय को राज्य स्तरीय हर्बल गार्डन बनने के लिए बड़े आकार के सौ गमले एवं गार्डन में लोगों के बैठने के लिए तीन नग थ्री सीटर बेंच प्रदान किए गए। कोदापाखा के चिकित्सा अधिकारी डॉ केवी गोपाल ने बताया कि उनके द्वारा किए जा रहे हर्बल गार्डन के निर्माण में गोयल ग्रुप ने महती भूमिका निभाई है, जिसके लिए वे गोयल ग्रुप माइंस प्रबंधन के सदा आभारी रहेंगे। गोयल ग्रुप के ऑफिसर अतुल जैन ने बताया कि उनका संस्थान इस तरह के जनोपयोगी कार्य सदा से करते आया है और आगे भी करता रहेगा। इस कार्यक्रम के दौरान गोयल ग्रुप की ओर से रवि तिवारी और अतुल जैन, गोपी बढ़ाई, अयनु ध्रुव व अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं कोदापाखा माध्यमिक स्कूल के शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## सड़क किनारे कई जर्जर पेड़ों के गिरने की आशंका से भय व्याप्त

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल से कोदापाखा मार्ग एवं दुर्गुकोंदल से संबलपुर मार्ग में व दमकसा मार्ग पर सड़को के किनारे कई ऐसे पेड़ है जो सुख कर निर्जीव अवस्था में है और अंदर से लकड़ी भी मिट्टी में परिवर्तित होकर आंतरिक भाग से खोखला व बुरी तरह से जर्जर हो चुका है। स्थानीय भाषा में कहें तो पेड़ के निचला भाग सड़ चुका है जो कभी भी गिर सकते है। सड़क के किनारे निर्जीव सूखे हुए जर्जर पेड़ कभी भी सड़क पर गिर सकता है और उसमे राहगीर चपेट में भी आ सकते हैं, जिससे बड़ी दुर्घटना होने कि भी संभावना बनी रहती है। दमकसा मार्ग पर गिरे हुए पेड़ है जो खंड़ी नदी आमागढ़ पुलिया के पास का है। यह जर्जर पेड़ बिना हवा तूफान के गिरा हुआ है। इस पेड़ के गिरने से किसी प्रकार का



जनहानि तो नहीं हुआ, लेकिन मार्ग पर लगातार हजारों के संख्या में लोगों का अवागमन आना जाना रहता है। इस स्थिति में ऐसा घटना होने से कभी भी बड़ी घटना होने के संभावनाएं बनी रहती है, इसलिए दुर्गुकोंदल क्षेत्र के युवाओं द्वारा सड़क किनारे लगे सभी निर्जीव अवस्था में सुखा हुआ पेड़ जो जर्जर है उन्हे काटने व हटाने का मांग वनविभाग से किया गया है।

## ग्रामीण ने फांसी लगा की आत्महत्या, कारण अज्ञात

कांकेर। आमाबेड़ा थानांतर्गत 54 वर्षीय दिनेश नरेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक ने आत्महत्या किस वजह से किया यह अभी स्पस्ट नही हो पाया है। टिमनार निवासी शिवचरण नरेटी ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 2 सितंबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# क्यूआर कोड से मनरेगा के कार्यों की मिलेगी जानकारी, आएगी पारदर्शिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल में मनरेगा योजनान्तर्गत सभी ग्राम पंचायतों के क्यूआर कोड तैयार कर ग्राम पंचायत भवनों मे चस्पा किया जा रहा है। केन्द्र और राज्य सरकार की संयुक्त पहल से शुरू हुई क्यूआर कोड आधारित इस अभिनव प्रणाली ने मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता और ग्रामीणों के लिए सुलभ बना दिया। अब क्यूआर कोड स्कैन कर ग्रामीण जन पिछले तीन वर्षों में स्वीकृत सभी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक कार्यों की विस्तृत जानाकरी जैसे-स्वीकृत कर्यों का विवरण, व्यय और प्रगति, सक्रिय जॉबकार्ड की संख्या, 100 दिवस पूर्ण किए जॉबकार्डधारियों की संख्या के साथ



विगत तीन वर्षों में कुल सृजित मानव दिवस की जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल न केवल प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाएगी बल्कि ग्रामिणों को आपने गाँव के विकास की निगरानी का अधिकार प्रदान करेगी और कार्य मे पारदर्शिता आयेगी। पहले ग्रामीणजनों को मनरेगा योजना की जानकारी प्राप्त करने में समस्या आती थी ग्रामीण पूरी तरह से प्रशासनिक अधिकारियों पर निर्भर रहते थे। अब क्यूआर कोड की शुरूआत ने इस स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है। वर्तमान मे विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के सभी 44 ग्राम पंचायतों का क्यूआर कोड तैयार कर ग्राम पंचायत भवन में चस्पा कराया जा चुका है। क्यूआर कोड के माध्यम से ग्रामीण अपने मोबाईल पर ही क्यूआर कोड स्कैन कर ग्राम पंचायत के मनरेगा अंतर्गत कराए गए एवं चल रहे तीन वर्षों के सभी कार्यों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह सुविधा ग्रामीणों को समय और श्रम की बचत के साथ-साथ सूचना के अधिकार को सशक्त बनाएगी। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र बंजारे एवं कार्यक्रम अधिकारी आशिष सोनकर ने बताया है यह पहल केन्द्र सरकार की डिजीटल इण्डिया और राज्य सरकार की पारदर्शिता का हिस्सा है, जिसका उदेश्य ग्रामीणों को विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाना है। इस डिजीटल परिवर्तन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह ग्रामीणों को सशक्त बनाएगा व अब वे स्वयं अपने गॉव के कार्यों की निगरानी कर सकेंगे, जिससे योजना में पारदर्शिता आएगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411